वीडियो कांफ्रेंसिंग-दिनांक 25.03.2017 पूर्वान्ह 11.00 बजे

संख्या- 13/2017/486/33-3-2017-64/2017

प्रेषक,

अमित गुप्ता,

सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 22 मार्च, 2017**

विषयः- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन एवं श्री परमेश्वरन अय्यर, सचिव, भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 25.03.2017 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग किए जाने के संबधं में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री परमेश्वरन अय्यर, सचिव, भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 25.03.2017 को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन की संयुक्त उपस्थिति में दिनांक 25.03.2017 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग की जानी है।

अतः अनुरोध है कि उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपने जनपद से संबंधित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की सूचना सहित उपस्थित होने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित गुप्ता)

सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in

संख्या व दिनांक:- तदैव।

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ कृपया उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

2- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबधं में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

3- प्रभारी अधिकारी, एन.आई.सी. को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबधं में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

4- समस्त उप निदेशक(पं0) उ0प्र0 को इस निर्देश सहित प्रेषित कि वांछित सूचनाओं सहित उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

5- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0 को इस निर्देश सहित प्रेषित कि वांछित सूचनाओं सहित उक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

6- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

7- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)

उप सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in